VSP.

"Office-Copy"

# PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

Time - 7:15 AM to 10:20 AM | Class – VI | M.M. : 80

Date – 08.09.2022 (Thursday)

Name of the student ______________________________ Section ________

नोट -

1 इस प्रश्नपत्र में 2 खंड हैं ।

2 प्रत्येक खंड के प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करना अनिवार्य है ।

## खंड- क (वैकल्पिक)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×4= 4)**

गर्मी के दिन थे बाबूजी दफ़्तर गए हुए थे। अम्माँ दोनों बच्चों को कमरे में सुलाकर खुद सो गई थीं। लेकिन बच्चों की आँखों में आज नींद कहाँ? अम्माँजी को बहलाने के लिए दोनों दम रोके, आँखें बंद किए मौके का इंतज़ार कर रहे थे। ज्यों ही मालूम हुआ कि अम्माँ जी अच्छी तरह से सो गईं, दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफाज़त की तैयारियाँ होने लगीं। केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते-डरते स्टूल पर चढ़ा।

(क) अम्माँ क्या कर रही थीं ?

अ. घर के काम कर रही थीं    ब. बच्चों को सुलाकर खुद सो गई थीं
स. भोजन पका रही थीं    द. कपड़े धो रही थीं

(ख) बच्चे किस बात का इंतज़ार कर रहे थे?

अ. अम्माँ के सो जाने का ताकि कमरे से बाहर जा सकें    ब. खाना खाने का
स. पढ़ाई करने का    द. पिताजी का

(ग) अम्माँ के सोने पर बच्चों ने क्या किया?

अ. बच्चे भी सो गए    ब. दरवाज़े की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आये
स. पढ़ाई करने बैठ गए    द. पिताजी को परेशान करने लगे

(घ) केशव और श्यामा कमरे से बाहर निकलकर किस बात की तैयारी करने लगे?

अ. अंडों की हिफाज़त की    ब. चिड़िया को भगाने की
स. पार्टी की    द. बाहर घूमने जाने की

**प्रश्न 2 दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए । (1×7=7)**

(क) कवि ने चिड़िया को कैसे पंखों वाली कहा है?

अ. नीले पंखों वाली    ब. लाल पंखों वाली    स. हरे पंखों वाली    द. पीले पंखों वाली

(ख) बचपन में लेखिका इतवार की सुबह क्या करती थीं?

अ. खाना पकाती थीं    ब. अपने मोज़े धोती और जूते पॉलिश करती थीं।
स. बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थीं।    द. घूमने के लिए बाज़ार जाती थीं।

(ग) कहानी में नादान दोस्त किन्हें कहा गया है?

अ. लेखक को    ब. चिड़ा और चिड़िया को
स. केशव और श्यामा को    द. केशव की मम्मी को

(घ) आकाश को चाँद की ---------- कहा गया है।

अ. पोशाक ब. लालिमा स. चाँदनी द. बीमारी

(ङ) अक्षरों की खोज का सिलसिला कब शुरू हुआ?

अ. लगभग 6000 साल पूर्व ब. लगभग 5000 साल पूर्व

स. लगभग 4000 साल पूर्व द. लगभग 3000 साल पूर्व

(च) कंट्रोल रूम में जाकर छोटू ने किस बटन को दबा दिया?

अ. हरे रंग की बटन को ब. लाल रंग की बटन को

स. सब बटनों को द. सबसे छोटी बटन को

(छ) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में कवि ने मेहनत को क्या कहा है?

अ. हाथों का मैल ब. हाथों की कमज़ोरी स. हाथ की रेखा द. हाथ का कमाल

**प्रश्न 3 दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×5=5)**

(क) भारतीय संविधान में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है?

अ. 21 ब. 22 स. 23 द. 24

(ख) वर्णों के व्यवस्थित समूह को क्या कहते हैं?

अ. वर्णमाला ब. वर्ण-विन्यास स. वर्ण-संयोजन द. वर्ण-विच्छेद

(ग) 'ग्राम' शब्द का तद्भवरूप है-

अ. गाँव ब. गराम स. गाम द. गाव

(घ) अवगुण शब्द में उपसर्ग है-

अ. आ ब. अव स. गुण द. गण

(ङ) पत्थर + ईला से बना नवीन शब्द है-

अ. पथरिली ब. पथरीला स. पत्थरइला द. पत्थरईला

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। (2×3=6)**

**1. उचित विकल्प का चयन कीजिये ।**

(क) उत्सव के पर्यायवाची शब्द हैं-

अ. त्योहार, पर्व ब. भाई, बंधु

(ख) उपवन के पर्यायवाची शब्द हैं-

अ. रिपु, दुश्मन ब. बाग़, बगीचा

**2. उचित विकल्प का चयन कीजिये ।**

(क) न्याय का विलोम शब्द होगा-

अ. अन्याय ब. न्यायालय

(ख) एकता का विपरीतार्थक शब्द होगा-

अ. आस्तिक ब. अनेकता

**3. वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिये ।**

(क) शिक्षा देने वाला -

अ. शिक्षक ब. समाज-सेवक

(ख) जिसका दोष न हो -

अ. निर्दोष ब. दोषी

**प्रश्न 5 बाल-रामकथा पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए।** (1×4=4)

(क) राम का जन्म कब हुआ था?

अ. चैत्र मास की नवमी के दिन    ब. कार्तिक मास की दशमी के दिन

(ख) चित्रकूट में किसका आश्रम था?

अ. महर्षि भरद्वाज का    ब. अन्य ऋषि मुनियों का

(ग) मारीच ने किसका रूप धारण कर लिया था?

अ. राक्षस का    ब. सोने के हिरण का

(घ) गोदावरी नदी के तट पर श्रीराम ने अपनी कुटिया के लिए किस स्थान को चुना?

अ. पंचवटी    ब. अष्टवटी

**प्रश्न 6 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (1×4=4)

वृक्ष हमारे लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। वे हमारे सच्चे मित्र होते हैं। प्राचीन ग्रंथों में उन्हें देवताओं के समान माना गया है। वृक्ष हमारा पालन-पोषण करते हैं। सदियों से वे हमारे खान-पान, आवास तथा विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति बिना किसी स्वार्थ के करते रहे हैं। वृक्ष हमें ऑक्सीजन रूपी प्राणवायु प्रदान करते हैं। वे हमें लकड़ी, खाद्यान्न, कागज़, दवाइयाँ, वस्त्र आदि प्रदान करते हैं। वृक्ष बारिश लाते हैं। वृक्ष हमारे लिए बहूपयोगी हैं, फिर भी हम अपने स्वार्थों के लिए इनकी अंधाधुंध कटाई कर रहे हैं। हम अपनी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उनकी बलि चढ़ा रहे हैं। वृक्षों के लगातार कटाव के कारण आज भयंकर स्थिति उत्पन्न हो गई है वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा बढ़ रही है। इससे बचने का एकमात्र यही उपाय है कि वृक्षों का संरक्षण किया जाए और अधिकाधिक वृक्ष लगाकर पृथ्वी को सुरक्षित बनाया जाए।

(क) प्राचीन ग्रंथों में वृक्ष को किसके समान माना गया है?

अ. देवताओं    ब. दानवों    स. मनुष्यों    द. देवियों

(ख) वृक्ष हमारे क्या हैं?

अ. भाई    ब. सच्चे मित्र    स. परिवार    द. आधार

(ग) वृक्ष हमें क्या प्रदान करते हैं?

अ. आयु    ब. जलवायु    स. प्राणवायु    द. शतायु

(घ) प्रदूषण से बचने का उपाय क्या है?

अ. पेड़ों को काटना    ब. वृक्षों की लगातार कटाई

स. वृक्षों का संरक्षण एवं वृक्षारोपण    द. वृक्षों को काटकर मकान बनाना

## खंड-ख (सैद्धांतिक प्रश्न)

**प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में लिखिए। (कोई-6)** (2×6=12)

(क) चिड़िया का जीवन कैसा है? 'वह चिड़िया जो' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) डॉक्टर ने लेखिका को क्या आश्वासन दिया?

(ग) केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडों की रक्षा की या नादानी?

(घ) पूर्णिमा की रात में चाँद कैसा दिखाई देता है?

(ङ) क्या होता अगर हमारे पास अक्षर न होते?

(च) छोटू का परिवार कहाँ रहता था?

(छ) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

**प्रश्न 8 निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (कोई-4)** **(3×4=12)**

(क) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है?

(ख) आज के समय और प्राचीन समय में क्या अंतर आया है? 'बचपन' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ग) चिड़िया को छोटी, संतोषी, गरबीली और मुँह बोली क्यों कहा गया है?

(घ) 'आप पहने हुए हैं कुल आकाश' के माध्यम से लड़की क्या कहना चाहती है?

(ङ) 'पार नज़र के' कहानी में अंतरिक्षयान को किसने भेजा था और क्यों?

**प्रश्न 9 निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए । (कोई-2)** **(3×2=6)**

(क) हमें आपस में मिल-जुलकर क्यों रहना चाहिए ? 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के आधार पर तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(ख) पर्याप्त जानकारी के अभाव में किसी कार्य में हस्तक्षेप करना किसी भी मुसीबत को आमंत्रित कर सकता है। आप इस कथन को कहाँ तक सही मानते हैं? अपने विचार लिखिए।

(ग) अक्षर ज्ञान के बिना मनुष्य असभ्य बना रहता । आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं? अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।** **(2×5=10)**

(क) भारत के निम्नलिखित स्थानों में कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं?

(अ) पंजाब ---------- (ब) उड़ीसा ---------

(ख) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए ।

(अ) ग्यान ---------- (ब) सम्बंध----------

(ग) निम्नलिखित विदेशी शब्दों के लिए हिंदी पर्याय (शब्द) लिखिए ।

(अ) अखबार ---------- (ब) नसीब ----------

(घ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में उपसर्ग लगाकर वाक्य पूरे कीजिए।

(अ) अर्जुन का निशाना ---------- (चूक) है।

(ब) शिवाजी ने कभी ---------- (जय) स्वीकार नहीं की।

(ङ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में प्रत्यय लगाकर वाक्य पूरे कीजिए।

(अ) साँप को देखकर मुझे ---------- (घबरा) होने लगी।

(ब) अरे बच्चो ! ---------- (लड़) मत करो।

**प्रश्न 11 निम्नलिखित में से <u>किसी-एक</u> विषय पर उचित प्रारूप में पत्र लिखिए ।** **(5)**

(क) आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता के लिए **प्रार्थना-पत्र** लिखिए ।

(ख) अपने अनुचित व्यवहार के लिए क्षमा माँगते हुए प्राचार्य जी को एक **क्षमा-पत्र** लिखिए।

**प्रश्न 12 निम्नलिखित में से <u>किसी-एक</u> विषय पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।** **(5)**

(क) पौष्टिक खाओ, तन-मन जगाओ

(ख) काश! मैं पक्षी बन जाता

(ग) अहा! बरसात का पहला दिन

(घ) मातृ दिवस